वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः 239...... / गोप0 / प्रायो0 / 24 दिनांकः 28.02.2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय :— स्नातक स्तर पर कला / विज्ञान / वाणिज्य के प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सप्तम व नवम् सेमेस्टर में मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपलोड करने एवं फाइनल अथेन्टिकेट करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय विश्वविद्यालय के पत्रांकः 4668 / गोप0 / प्रायो0 / 24, दिनांकः 02.02. 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा कराये जाने की अंतिम तिथि **दिनांकः 20.02.2024** निर्धारित की गयी थी। किन्तु कतिपय महाविद्यालयों ने अभी तक प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा नहीं करायी है।

अतः जनपद– **जौनपुर, गाजीपुर एवं प्रयागराज** के सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय अपने यहाँ संचालित पाठ्यक्रमों की मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा विलम्बतम् दिनांक 05 मार्च 2024 तक सम्पन्न कराकर ऑनलाइन मार्क्स सब्मिट करना तथा उसकी हार्ड कापी विश्वविद्यालय में दिनांकः 11 मार्च 2024 तक जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे कि परीक्षा परिणाम ससमय घोषित किया जा सके। उक्त तिथि के बाद मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा के आनलाइन मार्क्स सब्मिशन बन्द कर दिया जायेगा। **जिन छात्र / छात्राओं के आनलाइन मार्क्स उक्त तिथि तक नहीं प्राप्त होंगे उन्हें अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जायेगा** जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्रशासन का होगा।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. समाचार सम्पादक, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक।
4. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आज ही अपलोड करने का कष्ट करें।

28/2

परीक्षा नियंत्रक